Title: Need to set up Railway Zone at Bilaspur Headquarter to end the agitation led by Chhatra Yuva Jan Sangarsh Samiti.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, सनम्र निवेदन है कि बिलासपुर मुख्यालय में नए रेलवे जोन के गठन हेतु काफी लंबे समय से जनांदोलन जारी है। १५ जनवरी १९९६ से आन्दोलन के उग्र होने से करोड़ों रुपए की क्षति भी हो चुकी है। महीनों तक क्रमिक भूख हड़ताल, कोयला लदान बंद, संभाग बंद के पश्चात अब ३० मई से छात्र युवा जन संघर्ष समिति के कार्यकर्ता दिल्ली में जंतर-मंतर पर आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी हालत चिन्ताजनक है।

३०, जनवरी १९९६ को ११वीं लोक सभा में उस समय के विपक्ष के नेता और वर्तमान प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी रेलवे को सर्वाधिक आय देने वाले बिलासपुर मंडल को रेलवे जोन बनाने की मांग की थी।

अध्यक्ष महोदय, मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग है कि वह बिलासपुर मुख्यालय में अविलंब रेलवे जोन बनाए जाने की घोषणा करे ताकि छात्र युवा जन संघर्ष समिति अपने आन्दोंलन को समाप्त कर सके।